राजकीय पॉलीटेक्निक, मनकेंड़ा, आगरा।

(प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार)

पत्रांकः 1250 /रापामआ/शैक्षिक–अतिथि/2025–26 दिनांक 12/12/2025

–सार्वजनिक सूचना–

शैक्षिक सत्र 2025–26 के सम सेमेस्टर लिए संस्था में संचालित पाठ्यक्रमों में शिक्षण प्रशिक्षण कार्य कराये जाने हेतु अतिथि प्रवक्ताओं की आवश्यकता है, जिसका विवरण निम्नवत है–

क्र0 सं0	विषय/पाठ्यक्रम कानाम	अतिथि व्याख्याताओं की आवश्यकता	न्यूनतम शैक्षिक अर्हता ए0आई0सी0टी0ई0 मानक के अनुसार	निर्धारित मानदेय
1	इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी (IT)	01	बी0टेक0 क्मपयूटर साइंस एण्ड इंजी0 / इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी (IT) प्रथम श्रेणी	दर रू0 400/प्रति थ्योरी लैक्चर, दर रू0 200/प्रति प्रयोगात्मक पीरियड,बी0टेक0डिग्री धारक को अधिकतम रू0 15000/–प्रतिमाह एम0टेक0/पी0एच0डी0 डिग्री धारको को दर रू0 450/प्रति थ्योरी लैक्चर दर रू0 225/प्रति प्रयोगात्मक पीरियड, प्रतिमाह अधिकतम रू0 20000/–

उपरोक्तानुसार चयनित अतिथि प्रवक्ता का चयन पूर्णतः अस्थाई, दैनिक वादन मानदेय के आधार पर एवं सत्र 2025–26 के सम सेमेस्टर हेतु किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 26.12.2025 को प्रातः 10:00 बजे राजकीय पॉलीटेक्निक मनकेड़ा आगरा में आयोजित किये जाने वाले साक्षात्कार के समय अपने समस्त शैक्षिक (पत्राचार/ दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम मान्य नहीं) एवं अनुभव (यदि कोई हो) की छाया प्रति के साथ सादे कागज पर लिखित अथवा टंकित आवेदन पत्र/प्रार्थना पत्र एवं मूल अभिलेखों/प्रमाण पत्रों सहित उपस्थित हो सकते है। आवेदकों को आने–जाने का कोई किराया भत्ता देय नही होगा। आवेदन जमा करने वाले समस्त पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जायेगा जिसके उपरान्त योग्य उम्मीदवार को अतिथि व्याख्याता के रूप में सत्र 2025–26 के सम सेमेस्टर हेतु रखा जायेगा। यदि नियमित शिक्षक विभाग द्वारा नियुक्त कर दिये जाते है तो नियमित शिक्षक की नियुक्ति की तिथि से अतिथि प्रवक्ताओं को पठन–पाठन कार्य से मुक्तकर दिया जायेगा। किसी भी अतिथि प्रवक्ता को छात्र फीडबैक/अनुशासन के आधार पर कभी भी बिना पूर्व सूचना प्राप्त कराये संस्था से हटाया जा सकता है। अधिक जानकारी हेतु संस्था में सम्पर्क करें।

12/12/2025

(कुलदीप गुप्ता)
प्रधानाचार्य

PRINCIPAL
GOVT. POLYTECHNIC
MANKENDA, AGRA

कार्यालय –प्रधानाचार्य राजकीय पॉलीटेक्निक, मनकेड़ा, आगरा।

पत्रांक 1251-52/रापामआ/शैक्षिक–अतिथि/2025–26 दिनांक 12/12/2025

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–वेबसाइट अधिकारी राजकीय पॉलीटेक्निक, मनकेड़ा, आगरा।

2–नोटिस बोर्ड संस्थागत।

12/12/2025

(कुलदीप गुप्ता)
प्रधानाचार्य

PRINCIPAL
GOVT. POLYTECHNIC
MANKENDA, AGRA